उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

सूचना/विज्ञप्ति

उत्तर प्रदेश पुलिस में कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए के बैकलॉग पदों पर सीधी भर्ती (विशेष चयन)–2017 चयन परिणाम

संख्याःपीआरपीबी–दो–1–(25)2019 दिनांकःसितम्बर 20,2019

उत्तर प्रदेश पुलिस में कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए के बैकलॉग पदों पर सीधी भर्ती(विशेष चयन)–2017 के सम्बन्ध में बोर्ड द्वारा सूचना/विज्ञप्ति संख्या–पीआरपीबी–एक–3(23)/2015, दिनांकः मई 03, 2017 प्रकाशित करते हुये कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए के 666 पदों पर भर्ती हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे।

2– उत्तर प्रदेश पुलिस में कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए के बैकलॉग पदों पर सीधी भर्ती(विशेष चयन)–2017 की चयन प्रक्रिया के अन्तर्गत कम्प्यूटर टंकण परीक्षा एवं मूल अभिलेखों की संवीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों की श्रेष्ठता के आधार पर आरक्षण के सुसंगत प्रावधानों के अधीन बोर्ड द्वारा कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए के 666 पदों के सापेक्ष चयनित अभ्यर्थियों का परीक्षा परिणाम/चयन सूची बोर्ड की वेबसाइट http://uppbpb.gov.in/ पर प्रदर्शित की जा रही है। भरी/अनभरी रिक्तियों का पदवार विवरण निम्नवत हैः–

क्र0सं0	श्रेणी	पदों की संख्या	कुल चयनित अभ्यर्थियों की संख्या	क्षैतिज श्रेणी भरे गये पद			अनभरी रिक्तियाँ
				महिला (20%)	स्व0 सं0 सेनानी के आश्रित (2%)	भू0सै0 ((5%))	
1	अन्य पिछड़ा वर्ग	360	360	72	6	-	–
2	अनुसूचित जाति	280	280	56	1	-	–
3	अनुसूचित जन जाति	26	26	5	0	-	–
कुल योग		**666**	**666**				–

टिप्पणी–(1) अभ्यर्थियों की अनुपलब्धता के कारण अनुसूचित जनजाति श्रेणी की 03 रिक्तियों को अनुसूचित जाति श्रेणी की 02 महिला तथा 01 पुरूष अभ्यर्थियों से भरी गयी है।

टिप्पणी–(2) अनुक्रमांक–1107011947, 1084507482, 1084507524, 1084507543 एवं 1084507544 के अभ्यर्थियों का चयन इनकी पहचान एवं इनके अभिलेखों के सत्यापन के अधीन है।

2.1– यह चयन अभ्यर्थियों की शारीरिक स्वस्थता एवं चरित्र सत्यापन में उपयुक्तता के अधीन है।

3– **कट आफ मार्क्स** कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए के 666 पदों के सापेक्ष भरी गयी रिक्तियों के अन्तिम चयनित अभ्यर्थी के कटऑफ मार्क्स निम्नवत हैः–

क्र0सं0	श्रेणी	पुरूष	महिला	स्व0संग्राम सेनानी के आश्रित	भू0सै0
1	अन्य पिछडा वर्ग	136.76	125	110.76	–
2	अनुसूचित जाति	122.98	110	108.00	–
3	अनुसूचित जन जाति	82.98	93	–	–

- कटआफ मार्क्स पर एक से अधिक अभ्यर्थी होने की दशा में रिक्तियों की उपलब्धता की सीमा तक (Tie-Break) के आधार पर चयन किया गया है।

4– संगत सेवा नियम में दी गयी व्यवस्था के अनुसार ऐसे अभ्यर्थी जो बराबर–बराबर अंक प्राप्त करें तो अधिमानी अर्हता रखने वाले अभ्यर्थी का नाम सूची में ऊपर रखा जायेगा। ऐसे अभ्यर्थी जो बराबर अंक प्राप्त करें एवं उनके पास कोई अधिमानी अर्हता न हो तो आयु में ज्येष्ठ अभ्यर्थी का नाम सूची में ऊपर रखा जायेगा। अतः अन्तिम चयनित अभ्यर्थी के कट ऑफ पर समान अंक पाने वाले सभी अभ्यर्थियों का चयनित होना आवश्यक नहीं है।

5– यह चयन परिणाम बोर्ड की वेबसाइट http://uppbpb.gov.in/पर उपलब्ध है। अभ्यर्थी अपना चयन परिणाम बोर्ड की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

6– यद्यपि इस चयन परिणाम को वेबसाइट पर अपलोड किये जाने में पर्याप्त सावधानी बरती गयी है, फिर भी किसी प्रकार की तकनीकी त्रुटि के लिए बोर्ड उत्तरदायी नहीं होगा और न ही त्रुटि पाये जाने पर इस त्रुटिपूर्ण अंकन का किसी को किसी प्रकार का लाभ या अधिकार प्राप्त होगा या अनुमन्य होगा।

अपर सचिव (भर्ती)
उ0प्र0पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।